# बी0एड0 प्रवेश हेतु आवश्यक सूचना

बी0एड0 सत्र 2023–25 में काउन्सलिंग द्वारा आवंटित प्रवेशार्थियों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु वे आवंटन के उपरान्त नियत तिथि के अन्दर कार्यालय से प्रवेश फार्म तथा SR फार्म प्राप्त कर तथा उसे पूर्ण कर प्रवेश फार्म को निम्नलिखित प्रमाण–पत्रों तथा **स्वप्रमाणित** छायाप्रतियों के साथ महाविद्यालय के बी0एड0 विभाग में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। SR फार्म अलग से जमा करें।

1- समस्त अनिवार्य शैक्षिक योग्यताओं से सम्बन्धित अंक–पत्रों एवं प्रमाण–पत्रों की मूल प्रतियां तथा छायाप्रतियाँ (**स्नातक पाठ्यक्रम का प्रमाण–पत्र अथवा प्रोविजनल प्रमाण–पत्र अवश्य लायें**)।
2- जाति, आय एवं निवास प्रमाण–पत्रों तथा इसकी ऑनलाइन वेरिफिकेशन की छायाप्रतियाँ (जो लागू हो)। अन्य भारांकों से संबंधित प्रमाण–पत्रों की छाया प्रतियाँ। बी0एड0 काउन्सलिंग का एलॉटमेन्ट लेटर, स्कोर कार्ड, काउन्सलिंग लेटर तथा फीस ड्राफ्ट की **दो–दो** छाया प्रतियाँ।
3- अन्तिम संस्थान से निर्गत स्थानान्तरण एवं चरित्र प्रमाण–पत्र की मूल प्रति।
4- अपने आधार कार्ड की छायाप्रति।
5- नवीनतम पासपोर्ट साइज के रंगीन फोटोग्राफ फार्म में यथास्थान चस्पा करें।
6- 02 लिफाफे रू0 28/– के डाक टिकट लगे हुए।
7- यदि अन्तिम शिक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के अतिरिक्त किसी अन्य विश्वविद्यालय से प्राप्त की है तो उस विश्वविद्यालय से निर्गत माइग्रेशन प्रमाण–पत्र की मूल प्रति तथा छायाप्रति।
8- मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र।
9- निर्धारित प्रारूप में रू0 10/– के स्टांप पेपर पर सत्यापित फोटो सहित शपथ–पत्र ।
10- गैप प्रमाण पत्र (यदि हो)।

प्रवेशार्थी महाविद्यालय कार्यालय से प्रवेश आवेदन–पत्र प्राप्त कर वांछित सूचनाओं को भरकर इसके साथ उक्त प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न कर एक फाइल में टैग कर मूल प्रतियों के साथ प्रवेश समिति के समक्ष प्रस्तुत होकर महाविद्यालय में प्रवेश सम्बन्धी प्रक्रिया पूर्ण करा लें। उपरोक्त प्रमाण–पत्रों के अभाव में सम्बन्धित प्रवेशार्थी का प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।

सम्पर्क सूत्र– 9198412017 9415502012

प्राचार्य,
महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
हरदोई।

**शपथ पत्र का प्रारूप**

मैं.................................................................. पुत्र/ पुत्री (माता का नाम) श्रीमती..................................................... (पिता का नाम) श्री ........................................................ आयु............. निवासी............................................................................................................... बी0एड0 सत्र 2022-24 का/की प्रवेशार्थी, महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदोई उ0 प्र0, शपथ पूर्वक बयान करता/करती हूँ :-

1- यह कि शपथी..........................................................ने संस्था में बी0 एड0 प्रवेश हेतु फार्म में जो अंकपत्र, प्रमाण पत्र एवं अन्य सभी दस्तावेज, जिनके आधार पर उसे प्रवेश प्राप्त हुआ है, संलग्न किये गये हैं । इनमें से यदि कोई भी प्रमाणपत्र असत्य पाया जाता है तो प्रवेश निरस्त करने का अधिकार महाविद्यालय प्रशासन का होगा तथा उन्हें विश्वविद्यालय के नियमानुसार अन्य वैधानिक कार्यवाही करने का भी अधिकार होगा ।

2- यह कि बी0 एड0 एक पूर्णकलिक पाठ्यक्रम है - यह तथ्य शपथी के संज्ञान में है और यह कही नौकरी नहीं करता/करती है । या

यदि वह नौकरी करता /करती है तो प्रवेश के समय नौकरी से अवकाश लेने का प्रमाणपत्र जमा कर देगा/देगी, यदि इस आशय का प्रमाणपत्र शपथी प्रवेश प्रक्रिया के समय, या 15 दिन की अवधि में जमा नहीं करता/करती है तो उसका प्रवेश निरस्त करने का अधिकार महाविद्यालय प्रशासन/प्राचार्य का होगा ।

3- यह कि शपथी बी0 एड0 के अतिरिक्त अन्य पाठ्यक्रम में भी प्रवेश लेता/लेती है या कर रहा/रही है तो इसकी सूचना महाविद्यालय प्रशासन को देगा/देगी साथ ही इससे सम्बन्धित यू0जी0सी0 के प्रावधानों का पालन करना सुनिश्चित करेगा ।

4- यह कि बी0 एड0 पाठ्यक्रम की सेमेस्टर परीक्षा में बैठने के लिए सैद्धांतिक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 75% तथा प्रयोगात्मक व पाठ्यसाहगमी पाठ्यक्रम में शत प्रतिशत उपस्थित आवश्यक है अगर शपथी उपरोक्त शर्ते पूर्ण नहीं कर सका/सकी तो उसे परीक्षा से वंचित करने का अधिकार विश्वविद्यालय/महाविद्यालय प्रशासन को होगा ।

5- यह कि शपथी प्रतिमाह अपनी उपस्थिति नियमित है अथवा नहीं, इसे स्वम स्वयं सुनिश्चित करेगा /करेगी ।

6- यह कि शपथी प्रयोगात्मक कार्य, सम्पूर्ण शिक्षण अभ्यास कार्य अपने समूह के साथ ही प्रथम निर्धारित अवधि में पूरा कर लेगा/लेगी । यदि यह कार्य शपथी न कर सका/सकी तो विश्वविद्यालय/महाविद्यालय प्रशासन नियमानुसार उसे सेमेस्टर परीक्षा में बैठने से वंचित करने का अधिकारी होगा ।

7- यह कि शपथी की पाठ्यसहगामी क्रियाओं (दैनिक प्रार्थना सभा, गार्डनिंग, सामुदायिक कार्यक्रम, स्वच्छता कार्यक्रम व अन्य) में शतप्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है ऐसा ना कर पाने पर उसे विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के नियमानुसार परीक्षा से वंचित कर दिया जायेगा ।

8- यह कि संस्था का अनुशासन भंग करने की स्थिति में शपथी के बी0 एड0 पाठ्यक्रम से अपवंचित किये जाने पर समस्त उत्तरदायित्व शपथी का होगा ।

सत्यापन

मैं शपथी......................... सत्यापित करता/करती हूँ कि शपथ पत्र की उपरोक्त धारा 1 से 8 तक मेरे निजी संज्ञान में हैं, सत्य एवं सही हैं तथा इसमें न कोई तथ्य छुपाया गया है न ही अपूर्ण है । उक्त सभी शर्तें मुझे मान्य हैं ।

हस्ताक्षर (शपथी )

नाम (....................................................)

सेवा में,

प्राचार्य,

महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,

हरदोई।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं आज दिनांक......................................को इस महाविद्यालय में बी0एड0 सत्र 2023–25 में प्रवेश लेने हेतु उपस्थित हूँ, परन्तु मेरे पास निम्नलिखित अभिलेख अभी उपलब्ध नहीं है।

1.

2

3.

4.

5.

मैं उपरोक्त अभिलेख दिनांक................................................ तक जमा कर दूँगा/दूँगी, अतः आप से निवेदन है कि मुझे अस्थायी प्रवेश देने की कृपा करें। यदि मैं उपर्युक्त अभिलेख निर्धारित तिथि तक नहीं जमा करता/करती हूँ तो मेरा प्रवेश निरस्त कर दिया जाये।

दिनांक

हस्ताक्षर–

नाम–

पिता का नाम–